कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक क्रमांकः– शिविरा–माध्य/ संस्था/सी–2/इति–वाणि/इतिहास/स्थानान्तरण/ 2020–21 दिनांकः–02.02.2021 के तहत हरजीत कौर व्याख्याता इतिहास राउमावि, जस्सुसर गेट–बीकानेर का स्थानांतरण राउमावि, सुरपुरा–बीकानेर किया गया। अपीलार्थी ने अपने स्थानांतरण के विरूद्ध माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 1103/2021 हरजीत कौर बनाम राज्य सरकार व अन्य में दायर की।

माननीय अपील अधिकरण,जयपुर में अपील संख्या 1103/2021 के आदेश दिनांक 15.02.2021 द्वारा अपीलार्थी हरजीत कौर स्थगन प्रदान किया गया। माननीय अधिकरण के अन्तरिम आदेश दिनांक 15.02.2021 में अपीलार्थी को विभागीय स्थानान्तरण आदेश दिनांक 02.02.2021 का क्रियान्वयन अपीलार्थी की सीमा तक अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित करने और अपीलार्थी को वहीं कार्यरत रखने जहाँ वह चुनौति आदेश पारित किये जाने से पूर्व कार्यरत था के आदेश दिये और साथ ही अपीलार्थी को निर्देश दिए की अपने सक्षम अधिकारी के समक्ष एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करें, सक्षम अधिकारी उक्त अभ्यावेदन पर सहमतिपूर्वक विचार कर एक आख्यात्मक आदेश पारित करें।

माननीय न्यायालय निर्णय की पालना में अपीलार्थी हरजीत कौर का पदस्थापन राउमावि, जस्सुसर गेट–बीकानेर किया जाता है और उत्पन्न दोहरे पदस्थापन की स्थिति को समाप्त करने के उद्देश्य से इनके स्थान पर पदस्थापित गायत्री पंचारिया व्या. इतिहास का समायोजन राउमावि, गंगा बाल–बीकानेर मे किया जाता हैं। उक्त पदस्थापन माननीय सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 1103/2021 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/माध्य/संस्था/सी–2/कोर्के/अपीलसंख्या 1103/हरजीत कौर/ 2021 दिनांकः– 26/02/2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय),
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा,
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्रधानाचार्य
9. संबंधित कार्मिक
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर